विकलांग लोगों को भविष्य के लिए बचत करने में मदद करना

02 जून, 2022 मीडिया पूछताछ

अल्बर्टा की सरकार विकलांग अल्बर्टा निवासियों के लिए पंजीकृत विकलांगता बचत योजना (RDSP) खोलना आसान बना रही है।

प्रांत एक प्लेटफार्म प्रतिबद्धता पर काम कर रहा है और विकलांग अल्बर्टा निवासियों और उनके परिवारों को RDSP खोलने में सक्षम बनाने के लिए सहायता प्रदान करने के लिए दो साल के लिए सालाना 500,000 डॉलर का निवेश करेगा। RDSP विकलांग लोगों के लिए एक दीर्घकालिक बचत योजना है, जो किसी व्यक्ति के जीवनकाल में संघीय अनुदानों और बांडों में $ 90,000 तक प्रदान करती है।

इस निवेश के साथ, अल्बर्टा सरकार के चार फैम्ली सेंटरों को RDSP आवेदन प्रक्रिया के साथ अल्बर्टा की मदद करने के लिए अनुदान प्राप्त हुए। अल्बर्टा अबिलिटी नेटवर्क, अल्बर्टा एसोसिएशन ऑफ इमिग्रेंट सर्विंग एजेंसीज़ और अल्बर्टा नेटिव फ्रेंडशिप सेंटरों ने अपने समुदायों के भीतर RDSP जागरूकता और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अनुदान प्राप्त किया। इसका लक्ष्य जटिल RDSP आवेदन प्रक्रिया के साथ अधिक से अधिक विकलांग अल्बर्टा निवासियों की मदद करना है।

आरडीऐसपीयां (RDSPs) संघीय डिसअबिलिटी टैक्स क्रेडिट का एक पहलू है और इसका उपयोग विकलांग बच्चों के माता-पिता के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने या विकलांग वयस्कों को भविष्य के लिए बचत करने में मदद करने के लिए किया जा सकता है।

फैम्ली रीसोर्स सेंटर

फैम्ली रीसोर्स सेंटर अलबर्टा में विकलांग लोगों और उनके परिवारों को विभिन्न प्रकार की विकलांगता सहायता और सेवाओं तक पहुँचने और नेविगेट करने में सहायता करते हैं। वे परिवारों की उनकी फैम्ली सपोर्ट फार चिल्ड्रन विद डिसअबिलिटीज़ (FSCD) और पर्सनज़ विद डेवेलपमैंटल डिसअबिलिटीज़ (PDD) सेवाओं का प्रबंध करने में मदद करने के लिए उपकरण, संसाधन और जानकारी प्रदान करते हैं।

महत्वपूर्ण तथ्य

अनुमानित फंडिंग ब्रेकडाउन (2021-22)

Classification: Public

- फैम्ली रीसोर्स सेंटर - प्रत्येक के लिए $60,000
    - ऑटिज़्म सोसायटी ऑफ अल्बर्टा
    - गेटवे एसोसिएशन
    - इन्क्लूज़न अल्बर्टा
    - स्टेप्स सोसाइटी
- अल्बर्टा अबिलिटी नेटवर्क - $ 100,000
- अलबर्टा एसोसिएशन ऑफ इमिग्रेंट सर्विंग एजेंसीज़ - $ 80,000
- अलबर्टा नेटिव फ्रेंडशिप सेंटर- $ 80,000

अल्बर्टा में फैम्ली रीसोर्स सेंटर

- ऑटिज़्म सोसायटी ऑफ अल्बर्टा:
    - कैलगरी
    - फोर्ट मैकमरी
    - लेथब्रिज
    - क्रोज़नेस्ट पास
    - सेंट पॉल
    - चिनूक, मेडिसिन हैट
- गेटवे एसोसिएशन:
    - एडमंटन
- इन्क्लूज़न अल्बर्टा:
    - ग्रैंड प्रेयरी
    - डैरेल कुक फैमिली के द्वारा प्रबंधित सपोर्ट्स रिसोर्स सेंटर (कैलगरी)
- स्टेप्स सोसाइटी:
    - रेड डियर

संबंधित जानकारी

- फैम्ली रीसोर्स सेंटर
- अलबर्टा की रिकवरी योजना